# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से ही तेज हवा के साथ रुक–रुक कर बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। रांची में आज सवेरे से गरज के साथ रूक–रूककर बारिश हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में 23 मार्च तक तेज हवा के साथ बारिश होने और कहीं–कहीं ओलावृष्टि और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*********************

उधर, दुमका में आज दूसरे दिन भी रुक रुक कर वर्षा हो रही है। वर्षा से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। तापमान में भारी गिरावट हुई है और सर्दी लौट आई है। भारी बारिश से हजारीबाग में फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि गेहूं और सरसों की फसल तो बर्बाद हो ही गयी है, टमाटर, करेला, खीरा और तरबूज के फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है।

*********************

खूंटी जिले के विभिन्न इलाकों में भी बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ है। तेज हवा और ओलावृष्टि के कारण साग सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। डंडौल, कालामाटी, डूँगरा, डूंडीगड़ा, फूदी, अख्ता समेत आसपास के इलाकों के किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान सरकार से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

*********************

विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन प्रश्न काल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर नोकझोंक हुई। भाजपा विधायक राज सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय अनियमितता का मामला उठाया। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना में हुई गड़बड़ी पर सरकार से जवाब मांगा। सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा कि मामले की उच्चस्तरीय जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

*********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बेहतर इलाज के लिए आज विशेष विमान से दिल्ली ले जाया गया। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व अचानक वित्त मंत्री की तबीयत बिगड़ गयी थी, जिसके बाद रांची के एक निजी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था।

*********************

पूर्वी सिंहभूम जिले के गोपाल मैदान में दो दिवसीय प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय महोत्सव का उदघाटन श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव 23 मार्च को करेंगे। जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

*********************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के तत्कालीन आप्त सचिव संजीव लाल के खिलाफ सरकार से अभियोजन की स्वीकृति मांगी है। ईडी ने संजीव लाल के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के लिए लिखे पत्र के साथ उसकी गड़बड़ियों से संबंधित दस्तावेज भी भेजे हैं। इससे पहले ईडी ने पीएमएलए के तहत जांच में मिली सूचनाओं को सरकार के साथ साझा करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की थी। हालांकि सरकार के स्तर से प्राथमिकी दर्ज किये जाने की सूचना नहीं है।

*********************

आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति रद्द किये जाने के सरकार के आदेश पर झारखंड हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। अदालत ने सरकार से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। इस संबंध में चतरा की सोनी कुमार की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। उनकी नियुक्ति को सीडीपीओ ने रद्द कर दिया था।

**************************

धनबाद जिले के बीसीसीएल लोदना एरिया में आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा ओबी डम्प किये जाने से वन क्षेत्र को क्षति पहुंच रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता——

**************************

श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग की ओर से मॉडल कॉलेज चतरा में अप्रेंटिसशिप एक्ट पर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार में एप्रेंटिशिप और पीएम इंटर्नशिप योजना की जानकारी दी जा रही है।

**************************